राजस्थान सरकार दूरभाष–0291–2577144
(सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग)
कार्यालय, प्रधानाचार्य डॉ. भीमराव अम्बेडकर राजकीय आवासीय उच्च माध्यमिक विद्यालय
मण्डोर, जोधपुर E-mail-braschoolmandore@gmail.com

क्रमांक– अआवि / मण्डोर / जोध. / खुली निविदा / 2018–19 / 1016 दिनांक 16/10/2018

श्रीमान् ए.सी.पी.
सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग
राजस्थान, जयपुर।

**विषयः**– खुली निविदा सूचना संख्या 03 / 2018–19 सूचना को विभागीय वेबसाइट पर अपलोड करने बाबत्।

महोदय,

उपर्युक्त विषयान्तर्गत निवेदन है कि स्थानीय विद्यालय में शैक्षणिक सत्र 2018–19 में अध्ययनरत एवं आवासरत अधिकतम 560 छात्रों के उपयोग हेतु विभिन्न सामग्रीयों की आपूर्ति के लिए आमंत्रित खुली निविदा सूचना को विभागीय वेबसाइट पर अपलोड करवाने की कृपा करावें।

**संलग्न**–उपरोक्तानुसार

सादर।

भवदीय
16/10/2018
(सुरेशाराम)
प्रधानाचार्य
डॉ. भीमराव अम्बेडकर राजकीय आवासीय
उच्च माध्यमिक विद्यालय मण्डोर,जोधपुर।

राजस्थान सरकार दूरभाष–0291–2577144
(सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग)
कार्यालय, प्रधानाचार्य डॉ. भीमराव अम्बेडकर राजकीय आवासीय उच्च माध्यमिक विद्यालय मण्डोर, जोधपुर

## खुली निविदा सूचना संख्या 03/2018–19

राजस्थान रेजिडेन्सियल एज्यूकेशनल इन्सटीट्यूशनल सोसायटी(राईस) सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग जयपुर के प्रशासनिक नियंत्रणाधीन संचालित डॉ. भीमराव अम्बेडकर राजकीय आवासीय उच्च माध्यमिक विद्यालय मण्डोर, जोधपुर में शैक्षणिक सत्र 2018–19 हेतु अध्ययनरत/प्रवेशित् अधिकतम 560 विद्यार्थियों के लिए निम्नानुसार विभिन्न सामग्रीयों की आपूर्ति हेतु खुली निविदा आमंत्रित की जाती है–

| क्र. सं. | कार्य/सामग्री का विवरण | कार्य की अनुमानित लागत (लाखों में) | धरोहर राशि | निविदा प्रपत्र शुल्क | निविदा प्रपत्र बेचने की दिनांक व समय | निविदा प्रपत्र जमा करवाने की दिनांक व समय | निविदा खोलने की दिनांक व समय |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 01. | अधिकतम 560 छात्रों के उपयोग हेतु स्टेशनरी सामग्री की आपूर्ति हेतु। | 5,40,000 | 10,800 | 200 | 17.10.2018 से 23.10.2018 प्रातः 10.00 बजे से दोपहर 3.00 तक | 24.10.2018 प्रातः 11.00 बजे तक | 24.10.2018 को दोपहर 11.30 बजे से |
| 02. | अधिकतम 560 छात्रों के उपयोग हेतु सदन ड्रेस(टी–शर्ट निकर), ट्राउजर की आपूर्ति हेतु। | 2,07,200 | 4,144 | 200 | 17.10.2018 से 23.10.2018 प्रातः 10.00 बजे से दोपहर 3.00 तक | 25.10.2018 प्रातः 11.00 बजे तक | 25.10.2018 को दोपहर 11.30 बजे से |
| 03. | अधिकतम 560 छात्रों के उपयोग हेतु चप्पल,स्कूली मौजा,स्कूली जूते(ब्लैक), पी. टी. शूज की आपूर्ति हेतु। | 2,24,000 | 4,480 | 200 | --do-- | --do-- | --do-- |
| 04. | अधिकतम 560 छात्रों के उपयोग हेतु ऊनी केशमिलोन जर्सी डार्क ब्राउन कलर की आपूर्ति हेतु। | 1,40,000 | 2,800 | 200 | --do-- | --do-- | --do-- |
| 05. | अधिकतम 560 छात्रों के उपयोग हेतु टाई, बेल्ट व आई डी कार्ड की आपूर्ति हेत | 72,800 | 1,456 | 200 | | | |
| 06. | अधिकतम 560 छात्रों के उपयोग हेतु टॉवेल की आपूर्ति हेतु। | 100,800 | 2,016 | 200 | --do-- | --do-- | --do-- |
| 07. | अधिकतम 560 छात्रों के उपयोग हेतु अण्डरवियर व बनियान की आपूर्ति हेतु। | 1,23,200 | 2,464 | 200 | --do-- | --do-- | --do-- |

1. निविदा निर्धारित प्रपत्र में प्रत्येक कार्य हेतु अलग–अलग मुहरबंद लिफाफे में प्रस्तुत की जायेगी। प्रत्येक लिफाफे पर मोटे एवं स्पष्ट अक्षरों में निविदादाता **फर्म का नाम, पता सामग्री** का उल्लेख करना होगा। **पेन्सिल से भरी हुई निविदाऐं मान्य नहीं होगी।**
2. निविदा प्रपत्र प्रत्येक कार्यदिवस में प्रातः 10.00 बजे से दोपहर 03.00 बजे तक निर्धारित शुल्क का नकद भुगतान पर प्राप्त किये जा सकते है।
3. **निर्धारित समय के पश्चात् प्राप्त निविदा पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।**
4. प्राप्त निविदायें निर्धारित दिनांक एवं समय पर उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष क्रय/उपापन समिति द्वारा खोली जायेगी।
5. निविदा फार्म के साथ सैम्पल प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा सैम्पल प्रस्तुत नहीं करने पर तकनीकी रूप से असफल मानकर वित्तीय निविदा नहीं खोली जायेगी।
6. निविदा या उसके किसी भाग को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार अद्योहस्ताक्षकर्त्ता के पास सुरक्षित रहेगा।
7. धरोहर राशि के बिना निविदा स्वीकार नहीं होगी।
8. धरोहर/प्रतिभूति राशि केवल डीडी/बैंकर चैक के रूप में ही स्वीकार की जायेगी,तथा प्रत्येक निविदा के लिए अलग–अलग डीडी प्रस्तुत करने होंगे।
9. निविदा खोलने की दिनांक को यदि राजकीय अवकाश हो तो उक्त दिनांक को खोली जाने वाली निविदायें अगले कार्यदिवस में खोली जायेगी।
10. सामग्री की आपूर्ति करने की अन्य शर्तें व नियम कार्य दिवस में प्रातः 10.00 बजे से दोपहर 03.00 बजे तक देखी जा सकती है।
11. **सशर्त निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी।**
12. **सामान्य वित्त व लेखा नियम/राजस्थान लोक उपापन में पारदर्शिता अधिनियम 2012/लोक उपापन में पारदर्शिता नियम 2013 की समस्त शर्त व राज्य सरकार द्वारा समय–समय पर जारी समस्त निर्देश मान्य होंगे।**

**नोट :–निविदादात्ता को तकनीकी निविदा व वित्तीय निविदा को पृथक्–पृथक् लिफाफों मे सील बंद कर डालना होगा। तकनीकी निविदा में सफल निविदादात्ता की ही वित्तीय निविदा खोली जायेगी, तकनीकी निविदा में असफल निविदा दात्ता की वित्तीय निविदादात्ता की वित्तीय निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा।**

16/10/2018

(सुरेशाराम)
प्रधानाचार्य
डॉ. भीमराव अम्बेडकर राजकीय आवासीय
उच्च माध्यमिक विद्यालय मण्डोर,जोधपुर।

## कार्यालय प्रधानाचार्य डॉ. भीमराव अम्बेडकर राजकीय आवासीय उच्च माध्यमिक विद्यालय मण्डोर, जोधपुर

## खुली निविदा सूचना संख्या 03/2018–19

डॉ. भीमराव अम्बेडकर राज. आवासीय उच्च माध्यमिक विद्यालय मण्डोर, जोधपुर में शैक्षणिक सत्र 2018–19 में आवासरत /प्रवेशित होने वाले अधिकतम 560 छात्रों के उपयोग हेतु स्टेशनरी सामग्री,सदन ड्रेस(टी–शर्ट, निकर)ट्राउजर, चप्पल, स्कूली मौजा, स्कूली जूते (ब्लैक),पी.टी.शूज, ऊनी केशमिलोन जर्सी डार्क ब्राउन कलर, टाई, बेल्ट व आई डी कार्ड, टॉवेल, अण्डरवियर, बनियान के लिए खुली निविदा आमंत्रित की जाती है।

निविदा प्रपत्र दिनांक 17.10.2018 से 23.10.2018 तक प्रत्येक कार्य दिवस में प्रातः 10.00 बजे से दोपहर 03.00 बजे तक प्राप्त किये जा सकते है। स्टेशनरी की आपूर्ति हेतु भरे हुए निविदा प्रपत्र दिनांक 24.10.2018 को प्रातः 11.00 बजे तक कार्यालय में जमा करवाये जा सकते है व दिनांक 24.10.2018 ही 11.30 बजे से उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोला जायेगा। अन्य सामग्रियों की आपूर्ति हेतु भरी हुई निविदाऐं दिनांक 25.10.2018 को 11.00 बजे तक जमा करवाये जा सकते है तथा प्राप्त निविदाऐं दिनांक 25.10.2018 को ही प्रातः 11.30 बजे से उपस्थित निविदादाताओं के सम्मुख खोली जायेगी। निविदादात्ता अधिक जानकारी के लिए विभागीय वेबसाइट www.sje.rajasthan.gov.in तथा राजस्थान सरकार के लोक उपापन पोर्टल वेबसाइट sppp.rajasthan.gov.in पोर्टल पर देख सकते है।

16/10/2018

(सुरेशाराम)
प्रधानाचार्य